HINDI

25-01-2024

‘रेड टेबल टॉक’ कार्यक्रम के ज़रिए Southwest DeKalb हाई की युवतियों में एकता और सूझबूझ को बढ़ावा मिला

संस्थापक दिवस का जश्न मनाते हुए डेल्टा सिग्मा थीटा के सदस्यों ने बंधुत्व की ताकत का परिचय दिया

जनवरी माह का महत्व न केवल नए साल की शुरुआत का परिचायक है, बल्कि इस माह में Southwest DeKalb हाई स्कूल के विद्यार्थियों में बंधुत्व और सशक्तिकरण की भावना को भी जागृत किया जाता है। स्कूल के दूसरे वार्षिक *रेड टेबल टॉक* कार्यक्रम का आयोजन अश्वेत सहपाठियों और समुदायों द्वारा आयोजित संस्थापक दिवस समारोह के तहत 11 जनवरी को किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवतियों को एकता और सहयोग के प्रभावशाली महत्व पर जानकारी देना था।

यह कार्यक्रम, जिसका आयोजन स्कूल के 22 डेल्टा सिग्मा थीटा सोरोरिटी सदस्यों द्वारा किया गया था और जिसका विषय इस वर्ष था *इन सर्च ऑफ सिस्टरहुड,* जिसके तहत भाग लेने वाले ग्रेड 9-12 के 44 विद्यार्थियों के लिए गतिविधियों का आयोजन किया गया। बातचीत और खेलकूद के माध्यम से विद्यार्थियों ने एक टीम के रूप में साथ मिलकर काम करने के दीर्घकालीन फायदों के बारे में सीखा।

अंग्रेज़ी की शिक्षक Dr. E. Yvette Walters ने बताया कि “हम लड़कियों का परिचय बंधुत्व और एकजुटता के सिद्धांतों से कराने और यह सिखाने के लिए कि किस प्रकार से आपसी सहयोग चीज़ों को आसान बनाता है, एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करना चाहते थे।” “*रेड टेबल टॉक* को Southwest DeKalb हाई स्कूल की युवतियों में बंधुत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाया गया था।”

पिछले वर्ष, इस बैठक का आयोजन विद्यार्थियों को हाई स्कूल कार्यक्रमों के बारे में बस जानकारी देना था, जो कि डेल्टा सिग्मा थीटा के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे थे। सभी लोग जल्द ही भांप गए कि किसी खास कार्यक्रम का आयोजन किया जाने वाला था। समूहों में विभाजित लड़कियों ने सार्थक चर्चाओं और मज़ेदार खेलों में भाग लिया और अपने बीच के गतिरोधों को समाप्त करते हुए एक-दूसरे को अपनाया। इस प्रकार से इस कार्यक्रम के माध्यम से भाग लेने वाले विद्यार्थियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

हाई स्कूल सीनियर Carrington Howard ने बताया कि, “इस अनुभव ने हमारी आंखें खोल दी। हमने भिन्न लोगों को अपनाना और उनके साथ काम करना सीखा और समझा कि टीमवर्क के लिए किस प्रकार से अपने अहम को मिटाना ज़रूरी होता है।”

यह कार्यक्रम केवल वार्षिक महोत्सव में की जाने वाली कोई गतिविधि नहीं है, बल्कि यह एक प्रतिबद्धता है महिला समूह के बंधुत्व, छात्रवृत्ति, सेवा और सामाजिक कार्य के मूल्यों के प्रति।

“इन युवतियों का सशक्तिकरण बहुत ज़रूरी है, खास कर अभी। इसके माध्यम से उन्हें जीवन के उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे पर निर्भर रहने और सहयोगात्मक समुदाय को बढ़ावा देने के बारे में सिखाया जाता है,” कहना था Dr. Walters का।

स्कूल काउंसलर Imani Handy ने सहमति जताते हुए कहा कि, “इस कार्यक्रम के माध्यम से हम खुद से सीखी गई बातें विद्यार्थियों को सिखाना चाहते हैं और शिक्षा और समुदाय पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।”

जैसा कि आप देख सकते हैं, Southwest DeKalb हाई स्कूल का “*रेड टेबल टॉक*” कार्यक्रम महज़ एक कार्यक्रम नहीं है। यह वार्षिक सबक है एकता का, विविधता के महत्व का और सबूत है कि बंधुत्व से ही मज़बूती मिलती है। ऐसा सबक जो कि उन्हें जीवन के उतार-चढ़ाव से गुज़रने में मदद कर सकता है।

XXX